हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025

04 किसानों को मप्र के स्थापना दिवस पर कलेक्टर...



07 मुआवजा के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट...





## खबर संक्षेप



### अंजी अहिरवार ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सागर।** 69 एसजीएफआई राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो इंदौर में आयोजित की गई। जिसमें गेटमैन स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा अंजी अहिरवार ने अंडर 14 वर्ग में 400 मीटर और 600 मीटर रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

### रेलवे लेविल क्रॉसिंग गेट 4 तक बंद रहेगा, होगा काम

**सागर।** रेल्वे गेट न. 29 जो कि मकरोनिया खण्ड के मध्य में स्थित है यहां पर रेल पथ अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा था यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। यह गेट दिनांक 04 नवम्बर तक फाटक सडक यातायात के लिए बन्द रहेगा।

### जग-तारा सम्मान समारोह 5 को

**सागर।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी व शिक्षाविद स्व. पं. जगदीश प्रसाद पाण्डेय की जन्म जयंती पर श्यामलम संस्था सागर और आरिणी चैरिटेबल फाऊंडेशन भोपाल की सहभागिता में जग-तारा सम्मान समारोह का आयोजन 5 नवंबर बुधवार को दोपहर 1.30 बजे से रवींन्द्र भवन सागर के सभागार में किया जायेगा। इस अवसर पर पुस्तक बरगद होते हैं पिता का विमोचन व चर्चा की जावेगी। कार्यक्रम में स्व. पाण्डेय की स्मृति में स्थापित जीव सेवा,साहित्य सृजन, प्रेरक शिक्षक,मानस मणि एवं वयोश्रेष्ठ ₹जग तारा सम्मान से विभिन्न व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा होंगे तथा अध्यक्षता डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.वाय एस ठाकुर करेंगे। विधायक सागर शैलेंद्र जैन विशिष्ट अतिथि होंगे तथा माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति दीपक तिवारी प्रमुख वक्ता एवं अवंती बाई विश्व विद्यालय सागर के कुलगुरु डॉक्टर विनोद मिश्रा सारस्वत अतिथि होंगे। आयोजक संस्थाओं द्वारा सभी प्रबुद्ध जनों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### डॉ.कविता आकाशवाणी की संगीत स्वर परीक्षण चयन समिति में नामित



**सागर।** भारत सरकार के लोक सेवा प्रसारक 'प्रसार भारती' के आकाश वाणी छतरपुर के उप महानिदेशक द्वारा डॉ कविता शुक्ला को आकाशवाणी छतरपुर के संगीत स्वर परीक्षण हेतु निर्णायक मंडल में पुनः नामित किया गया है। ज्ञातव्य है कि संस्कृतिकर्मी डॉ कविता शुक्ला नगर की प्रसिद्द संस्था श्रुतिमुद्रा की सचिव हैं और तीन दशकों से विभिन्न सांगीतिक, साहित्यिक, सामाजिक उपक्रमों में संलग्न रहती आ रहीं हैं । आकाशवाणी के प्रसार निष्पादक रविन्द्र कुमार ने चयन पत्र देकर उन्हें बधाई प्रेषित की है। आकाशवाणी द्वारा उनके नामित किए जाने पर बुंदेलखंड के संगीत कलाकारों को नई दिशा एवं प्रोत्साहन मिलेगा। उनके चयन पर डॉ मीना पिंपलापुरे, श्यामलम अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, प्रो.दिनेश अत्री, डॉ ललित मोहन, सुभाष कंड्या, शिवरतन यादव, प्रो.आनंद प्रकाश त्रिपाठी, डॉ.सिरोठिया, डॉ.लक्ष्मी पांडे,डॉ शरद सिंह, डॉ. मनीष झा सहित संगीत प्रेमियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

---

#### 70वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित किए गए कार्यक्रम, प्रदेश की योजनाओं पर डाला प्रकाश

# मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसरः मंत्री गोविन्द राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश रोजगार के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर, विकासशील राज्य से विकसित राज्य की ओर अग्रसर है। उक्त विचार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर में 70वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर महाकवि पद्माकर सभागार में आयोजित समारोह कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन एवं वृंदावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी कलेक्टर विवेक के वी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत सहित बड़ी संख्या में जन समुदाय जनप्रतिनिधि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई थी और आज हम अपने प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस का उत्सव मना रहे हैं। मध्यप्रदेश को भारत का हृदय प्रदेश कहा जाता है और यह हमारा गौरव है। हमारी नर्मदा मां की पावन धरा, हमारी संस्कृति का प्रतीक है। आज मध्य प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे सामने कई चुनौतियां भी हैं। बेरोजगारी, गरीबी जैसी समस्याओं से हमें निपटना है। हमें इन चुनौतियों का सामना मिलकर करना होगा। हमें एकजुट होकर प्रदेश को विकसित और समृद्ध बनाना है। मध्यप्रदेश ने देश को कई महान विभूतियां दी हैं। हमारी धरती ने कबीर, तुलसीदास, मालवा के महान कवि, संगीत कार और कलाकारों को जन्म दिया है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में उद्योग और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रदेश सरकार ने शासकीय नौकरियों में एक लाख से अधिक युवाओं की भर्ती का अभियान शुरू किया है। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक आदर्श राज्य बनाएं। आइए, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश के विकास में अपना योगदान दें।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ सागर भी विकसित सागर बन रहा है और आज सागर में सभी क्षेत्र में कार्य हो रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पानी सभी क्षेत्रों में सागर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए आज गौरव का दिन है जब आज हम सब मध्यप्रदेश का स्थापना वर्ष मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले मध्यप्रदेश की राजधानी नागपुर हुआ करती थी किंतु आज हमारी राजधानी भोपाल है और मध्य प्रदेश जहां टाइगर स्टेट के रूप में जाना जाता था वहीं टाइगर स्टेट के साथ चिता स्टेट भी के रूप में भी जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि सागर की रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व भी आज मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है ।

जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकसित मध्यप्रदेश की ओर आगे बढ़ रहा है और शीघ्र ही हमारा मध्यप्रदेश विकसित मध्यप्रदेश होगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर अंशुल आठिया के द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई, जबकि बुंदेलखंड की मशहूर गायिका कविता शर्मा के द्वारा आगड़ बम बागड़ बम गीत की मधुर प्रस्तुति दी गई। डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह कार्यक्रम का संचालन डॉ अरविंद जैन ने किया एवं आभार नगर निगम कमिश्नर श्री राजकुमार खत्री ने माना ।

कार्यक्रम के पूर्व में अतिथियों के द्वारा महात्मा गांधी, सरस्वती देवी की पूजा अर्चना की गई एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर शैलेश केशरवानी, सुखदेव मिश्र, रुपेश यादव, जगन्नाथ गोरिया, पप्पू फुसकेले, एसडीएम अमन मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी समस्त पार्षदगण मौजूद थे।



## भगवान पंढरीनाथ की निकली पालकी यात्रा, जगह-जगह हुआ पादुका पूजन

**रहली ।** पंढरपुर में विराजित भगवान पंढरीनाथ की पालकी यात्रा पंढरपुर से शुरू होकर नगर के विभिन्न भागों से होते हुए पंढरपुर पहुंची जहां पालकी यात्रा का समापन होगा पालकी यात्रा का जगह-जगह भक्तों द्वारा भगवान पंढरीनाथ की पादुका का पूजन कर आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर पुजारी अजित सप्रे ने बताया कि एकादशी से पूर्णिमा तक पांचदिवसीय आयोजन पंडलपुर में प्रारंभ हो गया हे,आज भगवान विठ्ठल की चरण पादुका और महालक्ष्मी पालकी यात्रा सहित शोभायात्रा निकाली गई,आज से पूर्णिमा तक भजन और भागवत कथा का आयोजन संपन्न होगा,साथ ही पूर्णिमा को विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे। पालकी यात्रा नगर पालिका परिसर पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी ने पार्षद गण और नपा अधिकारियों सहित पालकी यात्रा का स्वागत किया एवं भगवान पंढरीनाथ जी की पादुका का पूजन कर आरती उतारी। इस अवसर पर पार्षद गण,पार्षद प्रतिनिधि,और अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




## सांदीपनि विद्यालय रहली में धूमधाम से मनाया मध्य प्रदेश का 70वां स्थापना दिवस

**रहली।** सांदीपनि विद्यालय रहली में मध्यप्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस हर्ष व उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। बच्चों ने सामूहिक मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुत किया।विद्यार्थियों द्वारा मध्यप्रदेश के गठन, गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, पर्यटन व महापुरुषों की गाथा, आध्यात्मिकता आदि पर केंद्रित गीत व भाषण की शानदार प्रस्तुति दी गई। प्राथमिक कक्षा के बच्चों द्वारा सुन्दर लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रधान अध्यापक संजय खरे ने कहा कि स्थापना दिवस पर कार्यक्रम द्वारा अपने प्रदेश की जानकारी का ज्ञान होता है। मध्यप्रदेश,भारत का ह्रदय स्थल है जहाँ अनेक खनिज, सम्पदा, नदियाँ,कला, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहर मौजूद हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नीरज कुमार नेमा ने किया व आभार उद्बोधन अभिषेक शर्मा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर शिक्षिका सरोजनी अग्निहोत्री, अंजना चौरसिया,प्रीति मनिहार,उमा चौरसिया,रेखा साहू,तारा प्रजापति, आकांक्षा विश्वकर्मा, हिमांशु राजपूत, नीरज शर्मा, सौरभ पटेल, शालिनी दुबे,हुमेरा खान सहित शाला का स्टॉफ उपस्थित रहा।



## हादसे में वृद्धा के निधन पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सागर।** तुलसीनगर वार्ड निवासी वृद्ध राजरानी अहिरवार का 19 अक्टूबर को ट्रेन की पटरी पार करते समय हुए एक दर्दनाक हादसे में निधन हो गया था। इस दुखद घटना पर शनिवार को विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी एवं नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार उनके निवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। विधायक जैन ने परिवार को अपनी ओर से सहायता राशि प्रदान करने की बात कही और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दुर्घटना स्थल की गंभीरता को देखते हुए विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने नगर निगम आयुक्त को फोन पर राहतगढ़ बस स्टैंड फाटक पर एक फुट ओवर ब्रिज निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने इस प्रस्ताव को शीघ्र रेलवे विभाग को स्वीकृति हेतु भेजने के निर्देश भी जारी किए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

# राज्य स्तरीय 69वीं शालेय खेल प्रतियोगिता का मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



आप सभी खिलाड़ियों का काम खेलने का है। आप सब को सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य हमारा और सरकार का है। आपको सभी खेल संबंधी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। जिस कार्य का प्रारंभ अच्छा होता है उसका समापन भी बहुत अच्छा होता है यह विचार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं शालेय खेल प्रतियोगिता के रंगारंग शुभारंभ कार्यक्रम में व्यक्त किए। 69वीं शालेय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मंत्री राजपूत ने कहा कि सभी खिलाड़ियों का काम पूरे मनोयोग से परिदृश्य के साथ खेलने का है। उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य सरकार का है और सरकार उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संकल्पित भी है। आप सभी मनोयोग से खेलें, अपने स्कूल, जिले एवं मध्य प्रदेश का नाम रोशन करें।मंत्री राजपूत ने कहा कि किसी कार्य की जब ओपनिंग अच्छी होती है तो उसका समापन भी अच्छा होता है। आज इस प्रतियोगिता का शुभारंभ भव्य और रंगारंग हुआ है तो समापन भी इसी प्रकार से होगा। उन्होंने कहा कि आपको किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होगी। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके बाद भी यदि कोई भी समस्या आती है तो आप संबंधित अधिकारियों को बताएं, और यदि वह दूर नहीं होती है तो मुझे बताएं। आपके एक फोन के 10 मिनट में मैं आपके समकक्ष खड़ा मिलूंगा और समस्या का निवारण कराऊंगा। उन्होंने कहा कि सागर जिला हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करता है और आप सभी सागर सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश के युवा खिलाड़ी हैं। खूब आगे बढ़ें और अपने मध्य प्रदेश का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा स्वागत भाषण एवं प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस प्रतियोगिता में 1000 से अधिक खिलाड़ी एवं अधिकारी शामिल हुए हैं। यह प्रतियोगिता 5 दिन तक चलेगी, जिसमें क्रिकेट एवं एथलेटिक्स के खेल खेले जाएंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक-बालिका एथलेटिक्स एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग में क्रिकेट के खेल खेले जाएंगे। अरविंद जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागी संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, जनजाति कार्य विभाग, नर्मदापुरम संभाग, रीवा संभाग, सागर एवं उज्जैन संभाग के लगभग एक हजार से अधिक प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं। श्री जैन ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता सिटी स्टेडियम एवं विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होगी जबकि एथलेटिक्सकी सभी प्रतियोगिताएं खेल परिसर में आयोजित की जाएगी।

## हर्षोल्लास से मनाई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर क्षत्रिय कुर्मी समाज के लोगों ने रहली, सागर, बीना ब्लॉक सहित आसपास के कई गांवों से पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन टेड़िया हनुमान मंदिर परिसर में किया गया जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर से होते हुए पुनः टेड़िया हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पूर्व मंत्री विधायक गोपाल भार्गव कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उनके द्वारा व अन्य वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, संघर्ष और देश की एकता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कुर्मी सर्व समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम का संकल्प लिया।

## जिले में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा ली जा रही है बीएलओ की बैठक

**सागर।** कलेक्टरसंदीप जी.आर. के निर्देशानुसार जिले भर में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बीएलओ की बैठक आयोजित की जा रही हैं जिसमें निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शतप्रतिशत पालन करने हेतु आदेशित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा 35 बीना विजय डेहरिया, 36 खुरई श्री मनोज चौरसिया, 37 सुरखी श्री रोहत वर्मा, 38 देवरी श्री मुनव्वर खान, 39 रहली कुलदीप पारासर, 40 नरयावली अमन मिश्रा, 41 सागर श्रीमती आरती यादव, 42 बण्डा श्री रवीश श्रीवास्तव के द्वारा अपने अपने विधारसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के सुचारू संचालन हेतु बैठक बुलाई गई।

उन्होंने सभी दलों से अपेक्षा की कि वे अपने दल के बीएलए ( बूथ लेवल एजेंट) की जानकारी शीघ्र ही निर्वाचन कार्यालय में भिजवा दें। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार यह विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2025 4 नवम्बर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इस अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक दो प्रतियों में वितरित करेंगे, जिनमें मतदाता अपनी जानकारी दर्ज कर वापस करेंगे। गणना पत्रक के साथ किसी प्रकार का दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होगी।

**// सूचना //**

आम जनता को सूचित किया जाता है की भूमि मौज गढ़ाकोटा प.ह.नं. 30 खसरा नंबर 497 रखवा 0.650 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 534 रखवा 0.130 हेक्टेयर विवादित भूमि है जिसका व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा में व्य.बा.क्रं 11 A/ 2025 पर विचारण किया जा रहा है तथा न्यायालय के आदेश दिनांक 27/9/2025 से उक्त विवादित भूमि के क्रय विक्रय पर स्थगन आदेश पारित किया गया है । अतः कोई व्यक्ति उक्त भूमि क्रय ना करें अन्यथा उसके विरुद्ध न्यायालय में कार्यवाही की जायेगी ।

**सूचना कर्ता**

**गोविंद प्रसाद / झल्लू सोनी पिता स्व. जगदीश सोनी निवासी गढ़ाकोटा**

#### लापता के पोस्टर किए जगह-जगह चस्पा, शंख व झालर के साथ सड़कों पर पैदल निकले

# शहर से लापता जनप्रतिनिधियों की तलाश में विधायक निवास पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के आवाहन पर शहर के कांग्रेसजनों व आम नागरिकों ने शहर में भेदभावपूर्ण चल रहे अतिक्रमण विरोधी मुहिम के चलते शहर से गायब सांसद, विधायक एवं महापौर कों तलाशने पहुंचने व उनके लापता होने पर शहर की विभिन्न दीवारों पर लापता के पोस्टर चशपा किया। होटल सागर सरोज से विधायक निवास तक शंक झालर के साथ लापता जनप्रतिनिधियों को तलाश करने विधायक निवास पर उनके मौजूद न होने पर काफी देर तकपुलिसकी चौकसी के बीच जनप्रतिनिधियों को सद्बुद्धि के लिए बापू के भजन रघुपति राघव का गायन किया। कार्यक्रम के समापन पर विधायक शैलेंद्र जैन अपने निवास पहुंचे और जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने विधायक से त्योहार पर गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाने पर नाराजगी जताई । वही एक तरफ कार्यवाही को गलत बताया। महेश जाटव ने कहा कि शहर के विकास का हम सब स्वागत करते हैं परंतु विकास के नाम पर व्यक्ति विशेष का सहयोग व गरीबों के विनाश के हम खिलाफ हैं । वहीं विधायक से कहा कि इतनी बड़ी कार्यवाही आपके क्षेत्र में चल रही है और आपकी अनुपस्थिति चिंताजनक है। इस मौके पर अतिक्रमण से प्रभावित हुए काफी परिवार भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष के साथ खड़े दिखाई दिए जो अपने मकान के कागजात साथ में लेकर अपनी पीड़ा जाहर कर रहे थे । जिनमें जिनु भाई जान, राजेंद्र तिवारी, अंकित विश्वकर्मा, खेलन सिंह ठाकुर, नरेश बोहत एडवोकेट शुभम कुर्मी, अब्बू गुलजार भाईजान एवं अनेक पीड़ित जन मौजूद थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम में पंडित त्रिलोकी नाथ कटारे, पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी, मुकुल पुरोहित, अमित राम जी दुबे, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राहुल चौबे, राकेश राय, शैलेंद्र तोमर, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, पप्पू गुप्ता, दीनदयाल तिवारी, कमलेश तिवारी, आनंद हेला, जितेंद्र चौधरी, अवधेश तोमर, शरद पुरोहित, रामकुमार पचौरी, चमन अंसारी, वसीम खान, समीर खान, हीरालाल चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, निलेश अहिरवार, यशवंत बुंदेला, ऋषभ जैन, रितेश रोहित, देवेंद्र वाल्मीकि, बृजेंद्र नगरिया,वीरेंद्र राजे कुंजीलाल लड़ियाँ, गोपाल प्रजापति, मीना ठाकुर, अभिषेक तिवारी, अजय सिंह, निलेश जैन, प्रियंक बहेरिया, राजेश करी, चंदन सुहाने, दीपक कुर्मी, सुनील पाहवा, अरुण साहू हरिश्चंद सोनवार, सागर साहू, वीरू चौधरी, टीकाराम दीवान, सुनील ठाकुर, अशोक पंजवानी, आदिल रयान, राकेश अग्रवाल, राहुल प्रजापति, कपिल तिवारी, बंटी, गोरी, चंद्रभान अहिरवार, शेर खान, अभिजीत वाल्मीकि, अभिजीत वाल्मीकि, सूरज पुरोहित, सूरज बोसत, विवेक बोहोत, ताज्जु भाईजान, रवि अहिरवार, महेश यादव, दुर्गा पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे ।

मुख्यालय पर एसडीएम ने व जिले में तहसीलदारो ने राजस्व आदेशों का कराया निःशुल्क वितरण

# किसानों को मप्र के स्थापना दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई संतोषी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




1 नवबंर को प्रदेशभर में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उत्स्व रूप में मनाया जाता है। इस बार भी 70वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। लेकिन इस बार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्थापना दिवस की तैयारी अलग व रचनात्मक रूप में करने की ठानी थी। जिसमें किसानों व आमजन को भी स्थापना दिवस उत्सव का सुखद अहसास हो सके। जिसको लेकर कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा एक माह पूर्व से प्रयास भी शुरू कर दिए गए थे। इन प्रयासों का सुखद परिणाम भी सामने आया है जिसमें किसानों व आमजनों के चेहरों पर अनमोल संतोषजनक मुस्कान बिखरी हुई देखी गईं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने इस मुस्कान को देखने के लिए जिले के एसडीएम व तहसीलदारो को आवश्यक निर्देश दिए थे। जिनका पालन भी किया गया।

**स्थापना दिवस को जनहित में यादगार बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश:** 01 नवबंर को मनाये जने वाले स्थापना दिवस को जनहित में यादगार बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जिले के एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए गये थे कि अक्टूबर माह के जमीन नामांतरण व जमीन बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण किया जाए और उनके अभिलेखों को दुरुस्त कर संबंधित हितग्राही को बुलाकर उन्हें खसरा व आदेश की प्रति निशुल्क सौंपी जाए। सुखद बात यह रही कि समयसीमा में कलेक्टर श्रोत्रिय के उक्त निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासनिक अधिकारियो ने ऐसा ही किया।

**मौजूद हितग्राही बोले आज महसूस हुआ की सरकार आई हमारे पास:** कलेक्टर के निर्देश अनुसार कार्य करते हुए एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया के नेतृत्व में तीन दिवसीय विशेष राजस्व अभियान संचालित कर 01 से 03 नवंबर के बीच किसानों व आमजनों को नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के निराकृत प्रकरणों की प्रतियां निःशुल्क सौंपने का कार्य किया गया। तहसील सभाकक्ष में जैसे ही एसडीएम लिटोरिया ने पहला आदेशपत्र सौंपा, वैसे ही मौके पर मौजूद किसानो व आमजनों के चेहरों पर गर्व के साथ संतोष से भरी मुस्कान बिखर गई। कई लाभार्थियों ने इस मौके पर खुश होकर कहा कि वर्षों से जिस चीज का इंतज़ार कर रहे थे बो पूरा होते देख ऐसा लगा कि आज सच में सरकार हमारे पास तक आई है।

**निशुल्क प्रति प्राप्त कर मुस्काते हितग्राहियों को देख एसडीएम भी मुस्कुराईः** इस मौके पर एसडीएम लिटोरिया ने बताया कि कुल 528 नामांतरण प्रकरणो, 51 बंटवारा प्रकरणो और 37 सीमांकन प्रकरणो का निपटारा कर आदेश की प्रति जारी की गईं। साथ ही अभिलेखों को दुरुस्त करके संवंधित हितग्राही को खसरा व आदेश की प्रति निशुल्क सौपी गई। निशुल्क प्रति मिलने पर ज़ब हितग्राही के चेहरे पर संतोष की मुस्कान बिखरी हुई दिखाई दी तो उस मुस्कान को देख अपने प्रयासों का सफलता का अनुभव होने पर एसडीएम लिटोरिया भी मुस्कुराये बिना नहीं रह सकी। इस दौरान तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, नायब तहसीलदार महिपाल प्रजापति, रीडर बलिराम अहिरवार, ओपी नापित, पटवारी अक्षय नागाईच, कृपेंद्र अहिरवार, पटवारी प्रीति मिश्रा, नेहा दुबे, ज्योति गौतम, दीपक बोहरे, महेंद्र विश्वकर्मा, सत्येंद्र यादव सहित सम्पूर्ण तहसील स्टाफ उपस्थित रहा।

## मोहनगढ़ में 118 नामांतरण व 14 बंटवारा प्रकरण हुए निराकृत



मोहनगढ़ तहसीलदार रमेश परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्रोत्रिय ने बैठक ने निर्देश दिए थे कि अक्टूबर माह के राजस्व प्रकरणो का निराकरण करके उनके अभिलेखों को दुरुस्त किया जाये। इसके बाद हितग्राहियों को आदेश की निशुल्क प्रति उपलब्ध कराई जाये। कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश अनुसार मोहनगढ़ तहसीलदार परमार ने अक्टूबर माह में 118 नामांतरण के प्रकरणो और 14 बंटवारे के प्रकरणो का निराकरण किया। साथ ही अभिलेखों को भी दुरुस्त किया। और आज शनिवार को हितग्राहियों को बुलाकर उन्हें खसरा और आदेश की निशुल्क प्रति सौंपी। जिससे किसानो के चेहरे खिल गये।

महाविद्यालय में उल्लास से मनाया स्थापना दिवस

## स्थापना दिवस अवसर पर हुआ बुंदेली नृत्य का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

शासकीय महाविद्यालय पलेरा में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार संजू बाबा, प्राचार्य समूलाल कोल, संतोष गंगेले कर्मयोगी, पत्रकार सोनू विश्वकर्मा, रवि सर की उपस्थिति में मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्य डॉ बलराम अग्निहोत्री द्वारा मंच का संचालन कर किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य समूलाल कोल द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उसके पश्चात महाविद्यालय के छात्राओं अंजली कुशवाहा, कशिश मिश्रा, शिवानी अहिरवार के द्वारा सरस्वती बंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद स्थापना दिवस और आकर्षक बनाने हेतु मध्यप्रदेश गान का गायन अंजली कुशवाहा, कशिश मिश्रा, शिवनी अहिरवार, वर्षा राजपूत द्वारा किया गया। फिर जनगभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार द्वारा अपना उद्बोधन मध्यप्रदेश दिवस के बारे में किया गया। कार्यकम को और रोचक बनाने के लिए महाविद्यालय के छात्रों द्वारा बुन्देलखण्ड का प्रसिद्ध लोक नृत्य मोनिया, हृदेश साहू पुष्पेन्द्र रैकवार, सुनील अहिरवार, सुरेन्द्र अहिरवार, सत्येन्द्र यादव, नीरज अहिरवार, प्रवीण यादव, रामराजा यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दौर में मुख्य वक्ता संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा स्थापना दिवस पर मध्यप्रदेश से जुडे हुए विचार रखे गये। पत्रकार सोनू विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। डॉ लोकेन्द्र सिंह नरवरिया कीडा अधिकारी द्वारा भी छात्र-छात्राओ को सम्बोधित किया गया। रवि सर ने भी अपने उद्बोधन प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के उक्त कार्यक्रम में डॉ ममता चानना, डॉ ममता कुशवाहा, डॉ विभा तिवारी, डॉ प्रमोद रिछारिया, डॉ सुरजन सिंह यादव, जीतेन्द्र सिंह घोषी, किशोरी लाल चढार, कमलेश कुमार चौरसिया, रमेश कुमार रैकवार, काशीराम रैकवार, मुकेश वाल्मीक एवं देवी सौर आदि समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात कार्यकम प्रभारी डॉ शरद कुमार पाराशर द्वारा सभी अतिथियों एवं पत्राकार बंधुओं व छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

महामना एक्सप्रेस के दौरान हुई घटना का वीडियो हुआ वायरल

## रंगेहाथ दबोचा रेलवे स्टेशन पर जेबकतरा, यात्रियों ने जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने व उतरने की जद्दोजहद के बीच अपनी हाथ की सफाई का मुजाहरा कर जेब काटने वाले चोरों का शिकार अक्सर लोग हो जाते हैं, लेकिन अगर थोड़ी सी सतर्कता बरती जाए तो ऐसी परिस्थिति से बचा भी जा सकता है। ऐसी ही घटना रेलवे स्टेशन पर घटित हुई जहां यात्रियों ने सतर्कता दिखाते हुए एक जेबकतरे को रंगेहाथ पकड़ लिया। यह युवक महामना एक्सप्रेस के आगमन के दौरान एक यात्री की जेब से मोबाइल चोरी करने का प्रयास कर रहा था। चोरी की कोशिश देखते ही यात्रियों ने उसे मौके पर पकड़ लिया और फिर उसकी जमकर धुनाई कर दी गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार ज़ब महामना एक्सप्रेस ट्रेन का आगमन हुआ तब प्लेटफॉर्म पर जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी भीड़ का फायदा उठाकर एक शख्स ने मोबाइल चोरी करने का प्रयास किया लेकिन सतर्कता के चलते आरोपी युवक को यात्रियों की मदद से पकड़कर पहले धुनाई की गई और फिर उसे रेलवे पुलिस जीआरपी के हवाले कर दिया। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में तीन युवक चोरी के आरोपी को पकड़कर पीटते नजर आ रहे हैं, जबकि आस-पास दर्जनों यात्री मौजूद हैं।

गौर करने वाली बात यह रही कि वीडियो में रेलवे पुलिस का कोई जवान नजर नहीं आया। उक्त मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र चाचौंदिया ने बताया कि घटना के संबंध में अब तक किसी भी पक्ष द्वारा औपचारिक शिकायत नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि संभावना है यात्रियों ने आरोपी को जीआरपी के हवाले कर दिया होगा। गौर करने बाली बात ये है कि एक ही हफ्ते में रेलवे स्टेशन पर मारपीट की यह दूसरी घटना है। इससे पहले चार दिन पूर्व दो यात्रियों के बीच ट्रेन से उतरने को लेकर विवाद हुआ था, जो मारपीट में बदल गया था। लेकिन तब भी पुलिस नदारद दिखी।

लगातार बढ़ रही घटनाओं से स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यात्रियों ने साफ कहा है कि स्टेशन पर अक्सर पुलिसकर्मी मौजूद नहीं रहते, जिसका फायदा जेबकतरों और असामाजिक तत्वो द्वारा उठाया जाता हैं। रेलवे यात्रियों की मांग है कि प्लेटफॉर्म और ट्रेन के आसपास सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होनी चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं पर लगाम लग सके।

## त्योहार पर पुलिस ने लाई चेहरों पर मुस्कान, सौंपे 5 गुम हुए मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा




नगर थाना पुलिस ने मोबाइल तलाशी अभियान के तहत पांच नागरिकों को त्योहार पर बड़ा उपहार दिया है। दरअसल पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में गुम हुए मोबाइल के तलाशी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को थाना पलेरा कार्यालय में 5 लोगों को उनके गुम मोबाइल फोन सौंपकर उनके चेहरों पर मुस्कान लौटाई गई।

जानकारी के अनुसार पुलिस की साइबर टीम ने अपने अथक प्रयास से नगर क्षेत्र के पांच व्यक्तियों के कीमती गुम मोबाइल खोज निकाले। पलेरा थाना प्रभारी कार्यालय में अपने गुम मोबाइल दोबारा पाकर लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने बताया कि पिछले कुछ माह में अलग-अलग जगहों में मोबाइल गुम होने की शिकायतें मिली थी। साइबर सेल की टीम द्वारा तकनीकि सहायता से ट्रेस कर गुम मोबाइल तलाशे गए। जिन्हें संबंधित व्यक्तियों को थाना कार्यालय बुलाकर सोपा गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी, उपनिरीक्षक मयंक नगायच साइबर सेल, प्रधान आरक्षक रहमान खान साइबर सेल, प्रधान आरक्षक बालकिशन श्रीवास, आरक्षक प्रवेन्द पटेल, आरक्षक ललित कुशवाहा का योगदान रहा।

## सहायक उप निरीक्षक की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



पलेरा नगर पुलिस थाने में अपनी सेवाएं पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हुए सहायक उप निरीक्षक गजराज सिंह सिसौदिया को शनिवार दोपहर थाना प्रभारी कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस महकमे में उत्कृष्ट सेवा के लिए जाने जाने वाले सहायक उप निरीक्षक सिसौदिया का थाना प्रभारी मनोज सोनी और पुलिसकर्मियों ने सम्मान किया। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने सिसौदिया के पुलिस विभाग में किए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया है। थाना प्रभारी सोनी ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को उनके समर्पण और अनुशासन की भावना से प्रेरणा लेने की बात कही। इस दौरान समस्त पुलिस परिवार की ओर से उनके सुखद, स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की गई। पुलिसकर्मियों ने सेवानिवृत हुए सिसोदिया को स्वास्थ्य का ध्यान रखने और नियमित व्यायाम करने की सलाह भी दी।

## निष्पक्ष चुनाव के लिए बनाएं सटीक मतदाता सूचीः तहसीलदार




**पलेरा।** किसी भी चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए मतदाता सूची का सटीक होना बेहद जरूरी होता है। इसलिए आप सभी कर्मचारी इस कार्य को जिम्मेदारी के साथ पूर्ण करें। उक्त निर्देश पलेरा तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने बैठक के दौरान क्षेत्र के बीएलओ को दिए। नगर के शासकीय मॉडल विद्यालय के बैठक सभागार में एसआईआर संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ की एक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक के दौरान तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने बीएलओ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसीलदार ठाकुर ने मतदाता सूची को अद्यतन करने और आगामी पंचायत चुनावों के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को सटीक और त्रुटिरहित बनाना महत्वपूर्ण है। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए बीएलओ कर्मचारियों को तैनात किया गया हैं। इनकी जिम्मेदारी मतदाताओं की सूची तैयार करना और उसकी प्रगति रिपोर्ट सौंपना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक और अद्यतन बनाना है, ताकि आगामी पंचायत चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किए जा सकें।

ड्रोन की निगरानी में चला बुल्डोजर, 50 एकड़ गौचर भूमि अतिक्रमण मुक्त

## अतिक्रमण स्वयं हटाएं वरना चलेगा बुल्डोजर : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





गौचर भूमि पर अतिक्रमण किए हुए अतिक्रमण कारियों के ि वरुद्ध जतारा एसडीएम संजय द्विवेदी ने कार्यवाही शुरू कर दी है। जिसका नजारा जिले की तहसील लिधौरा खास में दिखा, जहां वर्षों से भूमाफियाओं द्वारा कब्जाई गई गोचर भूमि को प्रशासन ने बुल्डोजर कार्यवाही करके मुक्त कराया। एसडीएम संजय द्विवेदी, तहसीलदार लिधौरा ओपी गुप्ता एवं थाना प्रभारी संदीप चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 50 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान ड्रोन कैमरे से पूरी कार्रवाई की निगरानी की गई।

लिधौरा खास क्षेत्र में कुल 247 हेक्टेयर गोचर भूमि दर्ज है, जिस पर लंबे समय से अवैध कब्जा है। उल्लेखनीय है कि उक्त अतिक्रमण के बिरोध में बजरंग दल और गोचर भूमि मुक्ति आंदोलन समिति लगातार प्रशासन को चेतावनी दे रहे थे। समिति ने आगामी 3 नवंबर को धरना देने की घोषणा करते हुए कहा था कि अवैध कब्जों के कारण गोवंश दर-दर भटकने को मजबूर है, जिससे खेतों में फसलों का नुकसान हो रहा है। प्रशासन ने उक्त चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए आंदोलन से पहले ही सक्रियता दिखाते हुए लिधौरा-महेवा रोड स्थित सुनरई ग्राम से लगी भूमि पर शनिवार को बुलडोज़र चलवा दिया। और कब्जाधारियों को बेदखल करते हुए 50 एकड़ गौचर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। इस दौरान एसडीएम संजय द्विवेदी ने अतिक्रमण कारियों को चेतावनी भी दी कि जो भी व्यक्ति गोचर भूमि पर अवैध कब्जा किए हैं, वे स्वयं हट जाएं, अन्यथा बुलडोजर सीधे खेतों तक पहुंचेगा। और सब तहस नहस कर दिया जागा। तहसीलदार ओपी गुप्ता ने बताया कि आज 50 एकड़ भूमि मुक्त कराई गई है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि नगर के आवारा पशुओं को इसी मुक्त कराई गई गोचर भूमि में छोड़ा जाए।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर साइबर मैराथन व सुरक्षा शपथ का हुआ आयोजन

## डिजिटल स्वयं सुरक्षा ही साइबर से बचने का प्रभावी तरीका : एसपी





**टीकमगढ़।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत 31 अक्टूबर को पुलिस लाइन परिसर में साइबर सुरक्षा जागरुकता मैराथन और सामूहिक साइबर सुरक्षा शपथ का भव्य आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और पुलिस बल को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सुरक्षित रहना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है। और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी डिजिटल सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। अगर प्रत्येक ब्यक्ति अपनी डिजिटल सुरक्षा के प्रति स्वयं सचेत रहेगा तो वह किसी भी तरह के साइवर फ्राड में नहीं फंस सकता। मैराथन को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होती हुई वापस पुलिस लाइन में संपन्न हुई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ संपन्न हुआ, जिसने राष्ट्रीय एकता और साइबर सुरक्षा दोनों विषयों पर मजबूत जनसंदेश दिया।

## बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल का बिना सर्वे मुआवजा की मांग

# मुआवजा के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट घेर कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीते रविवार और उसके बाद लगातार तीन दिनों तक हुई बे मौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजा की मांग को लेकर शनिवार को किसानों ने जंगी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर अर्पित वर्मा को सौंपा जिसमें बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा बिना सर्वे जिला को नुकसान वाली इकाई मानकर मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दोपहर 12 बजे से किसानों का वीर सावरकर स्टेडियम पर आना शुरू हुआ, दोपहर 2 बजे तक यहां हजारों की संख्या में किसान एकत्रित हो गए। यहां भाषण बाजी के बाद ज्ञापन देने के लिए किसान पैदल ही रवाना हुए।

ज्ञापन देने पहुंचे किसानों की संख्या इतनी अधिक थी कि मार्च में शामिल आगे वाले किसान कलेक्ट्रेट में प्रवेश कर गए तब तक भी पीछे वाली लाइन में मौजूद किसान स्टेडियम पर ही थे हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कलेक्टर वर्मा ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात कहते हुए इस मामले में अपनी ओर से भरपूर प्रयास करने का आश्वासन भी किसानों को दिलाया लेकिन भीड़ में मौजूद किसान लगातार चिल्ला चिल्ला कर अपनी मांग के समर्थन में नारे लगाते रहे। इस दौरान आयोजन माइक से किसानों को चुप रहने की समझाइश देते रहे लेकिन भीड़ इतनी अधिक थी कि न तो माइक की आवाज उन तक पहुंच रही थी न ही किसान कुछ सुनने समझने को तैयार थे। नारे बाजी के चलते कुछ सुनाई नहीं दे रहा रहा था। ज्ञापन देने के बाद किसानों से वापस घरों की ओर लौटने की अपील माइक से की जाती रही लेकिन किसान वापस लौटने के बजाए वहीं जमे रह गए और नारेबाजी करते रहे।




### बिन बुलाए पहुंचे राजनीतिक दल

किसान इस आंदोलन को राजनीतिक बनाने से बचते दिखाई दिए। किसानों ने जो अपील जारी की थी वह भी सिर्फ किसानों के नाम से जारी की थी और किसानों को जिला मुख्यालय पर एकत्रित होने के लिए मैसेज भी गैर राजनीतिक दलों से जुड़े किसानों के माध्यम से अधिक डलवाए गए थे। वीर सावरकर स्टेडियम पर भी भरपूर प्रयास किया गया कि आंदोलन में राजनीतिक दल नेतृत्व करते नहीं दिखे पर किसानों से जुड़े राजनेताओं की उपस्थिति न सिर्फ आंदोलन में दिखी बल्कि वह अपने दल और झंडे के साथ भी किसानों की मांगों के समर्थन में कलेक्ट्रेट पहुंचे। ऐसे राजनीतिक दलों में कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी शामिल थी जो अपने झंडे लेकर किसानों के आंदोलन में शामिल हुई और किसानों को अपना समर्थन दिया इस मामले में दोनों दलों से जुड़े नेताओं ने बताया कि वह भी किसान है और किसानों की समस्याएं उनकी भी समस्याएं हैं। उनकी पार्टी भी किसानों की मांगों का समर्थन करती है इसलिए मैं वह अपनी पार्टी के झंडे के साथ किसान आंदोलन में शामिल हुए हैं। अलबत्ता विधायक बाबू जंडेल जरूर आंदोलन का नेतृत्व करते दिखे।



### विधायक ने की गोशालाओं को पांच पांच लाख देने की घोषणा

कलेक्ट्रेट पर चल रहे धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक बाबू जंडेल ने कहा कि किसान इस समय गोवंश से बहुत परेशान है गोवंश उनके खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहा है इसके लिए उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में पांच गौशालाएं बनवाई थी जो चालू नहीं की जा रही हैं। इन गौशालाओं को चालू करने के लिए मैं प्रत्येक गौशाला को पांच पांच लाख रुपए देने की घोषणा करता हूं।

### ज्ञापन देने के डेढ घंटे बाद भी कलेक्ट्रेट पर डटे रहे किसान

कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद भी करीब डेढ़ घंटे तक किसान कलेक्ट्रेट में ही डटे रहे और नारेबाजी करते रहे इस दौरान किसानों की ओर से भाषण बाजी भी हुई। बाद में किसानों के प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्टर से चेंबर में चर्चा करने पहुंचे विधायक बाबू जंडेल ने बताया कि कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया है कि चिन्हित किसानों की सूची चस्पा की जाएगी। इसके बाद दावा आपत्ति मांगी जाएगी। चार दिनों में ही सर्वे कार्य पूरा करा कराकर रिपोर्ट शासन को भेज देंगे। पूरे जिले को नुकसान की इकाई मानी जाए एवं 100% नुकसान माना जाए इसकी सिफारिश उनकी ओर से की जाएगी। बिजली बिल माफ करने के लिए वह सरकार को भी अपनी ओर से पत्र लिखेंगे।

## बहू से विवाद के बाद महिला ने उठाया कदम,पुलिस ने समझाइश देकर घर लौटाया

# चंबल नदी में छलांग लगाने पहुंची महिला एन वक्त पर पुलिस ने पहुंचकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सुसाइड प्वाइंट बनते जा रहे चंबल नदी के पाली पुल पर एक महिला नदी में कूदकर अपनी जान देने के लिए पहुंच गई। लेकिन इसका एनवक्त पर पुलिस को पता चल गया, जिसके बाद सामरसा चौकी से दौडकर पुल पर पहुंची पुलिस ने महिला की जान बचाते हुए उसे पाली पुल से चंबल नदी में नहीं कूदने दिया और फिर समझाइस देकर अपने पति के साथ वापस घर भेज दिया है। महिला ने चंबल नदी में कूदने का निर्णय आए दिन बहू के द्वारा किए जा रहे विवाद से तंग आकर लिया है।

पुलिस के मुताबिक श्योपुर निवासी 42 वर्षीया महिला अपने घर में सास बहू के बीच आए दिन होने वाले विवादो से परेशान होकर चंबल नदी में कूदकर आत्महत्या करने के लिए शुक्रवार की शाम को बस में बैठकर चंबल नदी के पाली पुल पर पहुंच गई। इसके बाद यह महिला पुल से नदी में छलांग लगाती,उसके पहले ही वहां से गुजर रहे कुछ लोगो ने इसकी सूचना सामरसा चौकी पर दी।

इस सूचना पर सामरसा चौकी प्रभारी रवि सिंह कुशवाह ने बिना कोई देर किए चौकी पर मौजूद स्टाफ प्रधान आरक्षक गौरव शर्मा, आरक्षक रामरूप रावत के साथ तत्काल पुल के लिए दौड लगा दी और पुल पर पहुंचकर नदी छलांग लगाने का प्रयास कर रही महिला को समझाइस देकर रोक लिया। इसके बाद सामरसा चौकी पर उसे भरोसा दिलाया कि उसकी जो भी परेशानी है,पुलिस उसका हर हाल में समाधान कराएगी।



### महिला को पुलिस ने पति के साथ लौटाया

सामरसा चौकी प्रभारी रवि सिंह कुशवाह ने बताया कि महिला के पति को सूचना देकर चौकी पर बुलाया गया और घर में सास बहू के बीच होने वाले विवाद के समाधान के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की समझाइस दी। साथही यह चेतावनी भी दे दी कि यदि महिला को फिर से कोई परेशानी हुई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस समझाइस पर संतुष्ट हुई महिला को उसके पति के साथ वापस घर भेज दिया गया।

## सोमवार को कलश यात्रा के साथ होगा श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ

# बांसई के हनुमान मंदिर पर होगा पंच कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के बांसई के हनुमान मंदिर पर विश्व शांति और कल्याण की कामना को लेकर पंच कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के धर्मप्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित होने जा रहे इस पंच कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ 3 नवंबर सोमवार को विधिवत कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाले जाने के साथ होगा। इस महायज्ञ में जिले के संतगण भी शामिल होगे। महामण्डलेश्वर श्री रामदास महाराज देवरी धाम के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

3 नवंबर से आरंभ होकर 9 नवंबर तक चलने वाले इस महायज्ञ के लिए गठित की गई समिति में क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी लोगो को शामिल किया गया है। समिति ने बताया कि इस पंच कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ 3 नवंबर को सुबह 9 बजे विधि विधान पूर्वक कलश यात्रा,शोभायात्रा निकाले जाने के साथ किया जाएगा। इसी दिन गणेश पूजन और अग्नि स्थापना के साथ यज्ञ भी शुरू हो जाएगा। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 9 नवंबर को होगी। पूर्णाहुति के दिन ही यहां भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। यज्ञ आयोजन समिति ने जिले के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस महायज्ञ की सफलता में सहयोगी बनने का आग्रह किया है।

# सेवा के माध्यम से ही समाज में आते है परिवर्तन

## सेवा भारती के बालिका छात्रावास का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित सेवा भारती की भूमि पर अब एक सर्व सुविधा युक्त बालिका छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शनिवार को भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस भूमिपूजन में कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि, सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुरेन्द्र सोलंकी मुख्य वक्ता की आसंदी से उपस्थित थे। जबकि संघ के जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

भूमि पूजन के बाद नपा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने कहा कि हम सभी को इस तरह के सेवा भावी कार्यो में आगे आकर सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने इस 50 सीटर बालिका छात्रावास के लिए अपनी सांसद निधी से 25 लाख रूपए का सहयोग दिए जाने की घोषणा भी की। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि समाजसेवा के कार्य समाज के सहयोग से होने चाहिए। जिसमें सभी लोगो को सहयोगी बनना चाहिए। मुख्य वक्ता सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि सेवा के माध्यम से ही समाज में बड़े परिवर्तन होते हैं। समाज सेवा के कई ऐसे छोटे छोटे कार्य किए जाने से समाज को एक नई दिशा मिलती है। उन्होने कहा कि सभी के सहयोग से बनने वाला यह बालिका छात्रावास समाज की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के लिए एक नया अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रदुमन शर्मा ने किया। जबकि अतिथि परिचय समिति के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोनी तथा आभार प्रदर्शन शंभू जाट के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के विभाग समन्वयक अर्जुन सिंह दांगी सहित अन्य कई समाजसेवी नागरिक मौजूद थे।




### प्रदर्शन में शामिल होने श्योपुर आए सियापुर के किसान की बाइक चोरी

श्योपुर। मुआवजा की मांग को लेकर शनिवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित किसानों के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सियापुर गांव से आए किसान की बाइक चोरी हो गई। ग्राम सियापुर निवासी किसान बद्रीलाल मीणा ने बाइक चोरी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि वह क्षेत्रभर के किसानों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए यहां श्योपुर आया था,यहां मौका पाकर उसकी बाइक को कोई चोरी चोरी करके ले गया है।

# किसान नेता हिरनीखेड़ा को आया अटैक,जयपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

किसान नेता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रामलखन हिरनीखेड़ा को हार्ट अटैक आने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए जयपुर ले गए। उन्हें किसान आंदोलन के दौरान अटैक आया था। किसान नेता हिरनीखेड़ा के भतीजे मुकेश हिरनी खेड़ा ने बताया कि शनिवार को फसल मुआवजा को लेकर किसानों के आंदोलन में प्रदर्शन के दौरान उन्हें घबराहट हुई जिसके बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। हालांकि चिकित्सक उनकी हालत में सुधार बता रहे थे लेकिन परिजन उन्हें समुचित इलाज के लिए रेफर कराकर जयपुर ले गए हैं।



### विद्यालय बंद पाए जाने पर शिक्षक निलंबित

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा विद्यालय बंद पाये जाने पर कराहल विकासखण्ड के ग्राम डूडीखेडा शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक पुत्तु सिंह धाकड को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कराहल के प्रतिवेदन अनुसार प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगवा के निरीक्षण में 25 अक्टूबर को विद्यालय दोपहर 12.30 बजे बंद पाया गया तथा शिक्षक अनुपस्थित मिले, ग्रामीणों ने भी बताया कि उक्त शिक्षक समय पर शाला में नही आते है, इस लापरवाही के चलते निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में मुख्यालय शासकीय उमावि पहेला किया गया है।

## सभी संसदीय क्षेत्रों में आयोजित होंगी पद यात्राएं,यूनिटी मार्च को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित

# युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने प्रेरित किया जाएगाः तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित कर रहा है। इस पहल के तहत 6 अक्टूबर को मंत्रालय ने सरदार/150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है।

सरदार पटेल ने जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत और आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

यह बात सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने कही,वे शनिवार को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा माय भारत अंतर्गत प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता एवं रामलखन नापाखेडली, अशोक गर्ग,महावीर मित्तल, महामंत्री संजय अकोदिया, पूर्व नपाध्यक्ष ओम राठौर, रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया, नरेश धाकड, मेरा युवा भारत की ओर से दिलीप सुमन, शिवकुमार दौहरे सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## धर्मगुरु, लोकतंत्र सेनानी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

# उत्साह के साथ मना मप्र का स्थापना दिवस स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस शनिवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर स्थित निषादराज भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश के 70वे स्थापना दिवस पर सभी जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 01 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश देश के 18वे राज्य के रूप में गठित हुआ था, तब से लेकर आज तक प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर रूप से अग्रसर है।

वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के विकास को ऊचाई मिली है। इसी के साथ श्योपुर जिला भी निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। क्योंकि श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र में अल्ट्राटेक जैसी बडी सीमेंट कंपनी ने रूचि दिखाते हुए लगभग एक हजार करोड रूपयें के निवेश के साथ सीमेंट उत्पादन के लिए यूनिट लगाने का निर्णय लिया है। वहीं पिछले एक साल में श्योपुर जिले में बडे प्रोजेक्ट को पूरा कराने पर जोर दिया गया है, साथ ही नये विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन्हे समयावधि में पूरा कराने के लिए कार्य किया जायेगा। मेडिकल कॉलेज एवं ब्राडगेज रेलवे लाइन जिले के विकास में नई इबारत लिखेगे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिलेवासियों को 70वे स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राज्य एवं जिले के विकास में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है, लोक सेवको का दायित्व है कि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें और शासन की मंशा के अनुरूप इसका लाभ प्रदान करें। कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता आदि वक्ताओं ने संबोधित करते हुए जिलेवासियों को मप्र स्थापना दिवस की बधाई दी और जिले में अब तक हुए विकास कार्यो का उल्लेख किया।

मॉ सरस्वती की प्रतिमा एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम के प्रारंभ संगीताचार्य सुरेश राय द्वारा सस्वर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद मॉडर्न स्कूल की छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेशगान पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही सेंट पायस विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सबसे न्यारा मेरा मध्यप्रदेश गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे द्वारा किया किया। इस कार्यक्रम में धर्मगुरू, लोकतंत्र सेनानी, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के परिजन तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित भी किया गया।






### फीता काटकर प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनआरएलएम द्वारा समूहों के उत्पादों तथा उद्यानिकी विभाग द्वारा फलोत्पादन एवं सब्जी उत्पादन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसके साथ ही मत्स्यपालन द्वारा भी स्टॉल लगाया गया।

## कलारना स्थित मंदिर पर हुआ भव्य आयोजन, उमड़ी भक्तों की भीड़

# धूमधाम से निकाली निशान यात्रा, श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर खूब थिरके भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को श्री खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव कलारना रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर पर धूमधाम के साथ मनाया गया। श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर शहर में एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा टोड़ी गणेश मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ रवाना हुई। निशान यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बडी संख्या में श्यामप्रेमी टोडी गणेश मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना के बाद निशान यात्रा रवाना हुई।

शहर के टोडी गणेश मंदिर से शुरू हुई निशान यात्रा गणेश बाजार, मैन मार्केट, गुलम्बर, जयस्तंभ चौक, शिवपुरी रोड, होते हुए कलारना रोड स्थित खाटू श्याम बाबा के मंदिर पहुंची। शहर में निकली निशान यात्रा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बाबा श्याम का गुणगान करते हुए इस यात्रा में सैंकड़ों भक्त चल रहे थे। जिससे पूरा माहौल खाटू श्याम के जयकारों से गूंज उठा। निशान यात्रा में शामिल महिला-पुरुष हाथों में ध्वज लेकर चल रहे थे। यात्रा में एक रथ पर श्री श्याम प्रभु की झांकी विराजमान थी। इस पर ज्योति रखी गई थी। बैंड बाजे की धुन पर रथ के आगे निशान लिए महिला-पुरुष नाचते-गाते चल रहे थे। निशान यात्रा खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई जहां भगवान खाटू श्याम जी की भव्य आरती की गई। इसके बाद रात्रिकालीन समय में भजनों का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल रहे। इस भव्य निशान यात्रा का आयोजन करने में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक चंद्रप्रकाश पापडतानिया, रिंकू मितल सहित समिति सदस्यों का सहरानीय योगदान रहा।



### जगह-जगह हुआ निशान यात्रा का स्वागत

शहर में निकाली गई बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कई जगह लोगों ने स्टॉल लगाकर यात्रा में शामिल भक्तगणों को स्वल्पहार कराकर स्वागत किया। वहीं जगह-जगह भगवान खाटू श्याम की झांकी की पूजा अर्चना की गई। फूल बरसाकर भी यात्रियों का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### मुंगावली में बीएलओ का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ

**अशोकनगर।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक गणना अवधि प्रारंभ हो रही है। इसमें बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय मुंगावली में प्रारंभ हुआ है। यह प्रशिक्षण दो दिवस तक चलेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएन सिंह द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ द्वारा दर्ज मतदाता को गणना पत्रक वितरित किए जाएंगे। मतदाता के नाम का मिलन स्वयं या परिजन के नाम पिछले (वर्ष 2002-04) में मिलान या लिंक करेंगे। बीएलओ गणना अवधि में न्यूनतम कम से कम 3 बार मतदाता के घर जाएंगे।

### 54 सीएसी और 19 बीएसी के पद भरे

**अशोकनगर।** जिला शिक्षा केन्द्र अशोकनगर में शुक्रवार को सीएसी एवं बीएसी की काउंसलिंग अपर कलेक्टर एसडीएम एवं डीपीसी की उपस्थिति में पूरी की गई। जिसमें माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठ सूची के आधार पर 103 आवेदनों में से 66 सीएसी और 20 बीएसी के पद में से 54 सीएसी और 19 बीएसी के पदों की पूर्ति की गई है।

कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के अधिकारियो, कर्मचारियों को दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ।
अशोकनगर। सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर अपर कलेक्टर डी. एन. सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इसमें संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात चोर घर से सोने चांदी के जेवर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत मुंगावली निवासी भूरी बाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 आरोपी उसके घर से सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। जिनमें सोने की झुमकी, सोने की दो अंगूठी, एक सोने की हाय व दो सोने की बाली और 3 जोड़ी चांदी की पायले एवं एक सोने का पेंडल शामिल है। पुलिस ने 4 संदेहीओं पर मामला दर्ज किया है।

### जिले को मिली मौजेक इंडिया प्रालि कंपनी एनपीके की रैक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को एच.यू.आर.एल. कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 1783.80 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर को 670 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र मुंगावली को 368 मे.टन, डबल लाक केन्द्र पिपरई को 300 मे.टन एन.पी.के. 20:20:0:13 प्रदाय किया गया है।

### जिला अधिमान्य पत्रकार प्रमोद जैन ने एसडीएम के आदेश का जताया आभार

# जनसंपर्क विभाग को निर्देश, अनैतिक गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई का ऐलान

◆ *पूर्व में रेस्ट हाउस के निजी उपयोग होने पर भी दिखाई थी सख्ती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा तहसील के नवागंतुक एसडीएम अनुराग निंगवाल ने पदभार ग्रहण किए महज एक सप्ताह ही बीता है, लेकिन उनकी कार्यशैली ने समूचे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है, खासकर राजस्व न्यायालयों, शासकीय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कानून व्यवस्था एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों ने सभी वर्गों को चौंका दिया है। एसडीएम निंगवाल ने जनसंपर्क विभाग को एक कड़ा पत्र लिखकर अवमान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा की जा रही अनुचित गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं, जिसमें प्रतिदिन समाचार संकलन के बहाने सरकारी कार्यालयों में प्रवेश करने वाले कुछ असत्यापित व्यक्ति वीडियो रिकॉर्डिंग, धमकाने, ब्लैकमेलिंग एवं कार्यप्रवाह में अनावश्यक हस्तक्षेप जैसी विधिविरुद्ध कारगुजारियां कर रहे हैं, जिससे शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है तथा नागरिकों एवं पक्षकारों में असंतोष व्याप्त है।

एसडीएम ने जनसंपर्क विभाग को लिखे अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि ऐसी प्रवृत्तियां माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वाद क्रमांक डब्ल्यूपी (सिविल) नंबर 387/2021, यूनियन ऑफ इंडिया बनाम एक्स एंड अदरर्स में दिए गए फैसले की सीधी अवमानना हैं, जहां कहा गया है कि मीडिया गतिविधियां केवल विधिवत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त व्यक्तियों द्वारा ही संचालित की जा सकती हैं तथा कोई भी व्यक्ति बिना वैधानिक अनुमति के स्वयंभू मीडिया कर्मी बनकर सार्वजनिक पदाधिकारियों पर दबाव नहीं डाल सकता। इसी क्रम में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की खंडपीठ ने अपने आदेश दिनांक 10 जनवरी 2023 (अशोक शुक्ला बनाम स्टेट ऑफ एमपी) में स्वयंभू मीडिया संचालकों या ऑनलाइन चैनलों द्वारा ब्लैकमेलिंग एवं सरकारी कार्यालयों में अनुचित हस्तक्षेप को दंडनीय अपराध घोषित करते हुए प्रशासन को ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने का अधिकार प्रदान किया है।

एसडीएम ने मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग के परिपत्र क्रमांक 2/31/2016/पीआर/द्वितीय दिनांक 15 जुलाई 2016 एवं इसके संशोधित दिशा-निर्देश दिनांक 1 फरवरी 2023 का हवाला देते हुए जोर दिया है कि केवल विभाग से मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों को ही सरकारी कार्यक्रमों एवं कार्यालय परिसरों में समाचार संकलन हेतु अनुमति दी जाएगी, जबकि अवमान्यता प्राप्त व्यक्ति या यूट्यूब चैनल संचालक ऐसी सुविधा का दुरुपयोग नहीं कर सकते। इस दिशा में कानून व्यवस्था मजबूत करने एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु एसडीएम ने जनसंपर्क विभाग से पांच प्रमुख बिंदुओं पर अद्यतन जानकारी 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, जिसमें प्रदेश, जिला एवं तहसील स्तर पर मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों की अद्यतन सूची, उनके संस्थान नाम, संपर्क विवरण एवं परिचय-पत्र क्रमांक सहित विवरण शामिल है; तहसील या ब्लॉक स्तर पर कवरेज हेतु अधिकृत मीडिया कर्मियों की सूची; ऐसे स्वयंभू मीडिया संचालकों या ऑनलाइन चैनलों की जानकारी जो बिना मान्यता के सक्रिय हैं; थाना स्तर से ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली या अनुशासन भंग के प्रकरण दर्ज या लंबित व्यक्तियों की रिपोर्ट; तथा अनैतिक गतिविधियों जैसे धमकाना, ब्लैकमेलिंग या जबरन वसूली के विरुद्ध विभागीय दिशा-निर्देशों एवं आपराधिक-वैधानिक कार्यवाहियों की जानकारी। एसडीएम ने कहा है कि इन विवरणों के आधार पर अवमान्यता प्राप्त मीडिया तत्वों पर वैधानिक एवं आपराधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, ताकि शासकीय कार्यों की सुगमता बनी रहे एवं आमजन को न्यायोचित वातावरण उपलब्ध हो। स्थानीय निवासियों एवं पक्षकारों ने एसडीएम की इस पहल का स्वागत करते हुए बताया कि इससे सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता बढ़ेगी तथा अवांछित हस्तक्षेप रुक जाएगा।

### रेस्ट हाउस में अवैध कब्जे पर एसडीएम पूर्व में चला चुके हैं चाबुक



करैरा तहसील के नव नियुक्त एसडीएम अनुराग निंगवाल ने पूर्व में अपनी सख्ती का परिचय देते हुए रेस्ट हाउस को सरकारी संपत्ति के रूप में पुनः स्थापित कर दिया है, जहां पूर्व में बिना अनुमति के रुकने वाले असंख्य व्यक्ति एवं प्राइवेट लिमिटेड जैसी अनधिकृत गतिविधियां फल-फूल रही थीं, लेकिन अब वह स्थान पूर्णतः वीरान एवं शांत हो चुका है। पदभार ग्रहण के प्रथम सप्ताह में ही एसडीएम ने रेस्ट हाउस का निरीक्षण कराया तथा अवैध प्रवासियों एवं अनधिकृत उपयोगकर्ताओं के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके फलस्वरूप जहां पहले दर्जनों प्राइवेट वाहन एवं अस्थायी संरचनाएं चहल-पहल का केंद्र बनी रहती थीं, वहीं आज वहां सन्नाटा पसरा है तथा केवल आधिकारिक उपयोग हेतु स्थान सुरक्षित है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि रेस्ट हाउस केवल सरकारी अधिकारियों एवं आधिकारिक लोगो के लिए आरक्षित रहे, तथा किसी भी प्राइवेट इकाई या व्यक्ति को अनुमति के बिना प्रवेश न दिया जाए, जो मध्यप्रदेश शासन के संपदा प्रबंधन नियमों का पूर्ण अनुपालन दर्शाता है। इस कार्रवाई से तहसीलवासियों में प्रशासन के प्रति विश्वास जागा है, क्योंकि पूर्व में रेस्ट हाउस का दुरुपयोग स्थानीय समस्याओं का कारण बन रहा था, जैसे अवैध पार्किंग एवं असुरक्षा। एसडीएम निंगवाल की इस पहल की चारो ओर सराहना हो रही है ।

### इनका कहना है

(1) पत्रकारिता के दौर में आजकल ब्लैकमेलिंग एवं अवैध कारोबार उसकी आड़ में चल रहे है केवल आईडी अधिकारियों को बताकर पत्रकारिता का रौब बताते है लेकिन एसडीएम के इस आदेश ने एक स्वच्छ पत्रकारिता को जीवित कर दिया है उनका हम आभार प्रकट करते है ।

**प्रमोद जैन** जिला स्तर अधिमान्य पत्रकार

**(2)मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और पत्रकारिता समाज का आईना**

विगत दिनों से आमजन, मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओ, पक्षकारों तथा विभागीय अधिकारियों से अनाधिकृत अथवा स्वयंभू पत्रकारों के खिलाफ ब्लैकमैकिंग, धमकाने और शासकीय परिसरों में अमर्यादित आचरण संबंधी तथ्य संज्ञान में आ रहे थे। इस पहल के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकारों की सत्यापित जानकारी प्राप्त होगी जिससे न केवल कानून व्यवस्था और अनुशासन सुदृण होगा बल्कि वास्तविक और मान्यता प्राप्त स्वच्छ ईमानदार पत्रकारों की छवि और विश्वसनीयता को मजबूती प्रदान कर पत्रकार बंधुओ की प्रतिष्ठा को भी बढ़ावा मिलेगा।

**अनुराग निंगवाल** एसडीएम करैरा



### मप्र का 70वां स्थापना दिवस मनाया

## मानस भवन में हुआ जिला स्तरीय समारोह, वर्चुअल रूप से जुड़े ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मध्यप्रदेश के गौरवशाली 70वें स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह मानस भवन शिवपुरी में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जिलेवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, नगरपालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जनपद अध्यक्ष हेमलता रावत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक माखनलाल राठौर, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना और मध्य प्रदेश गान ने समारोह में सांस्कृतिक वातावरण निर्मित किया।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश ने 70 वर्षों की विकास यात्रा में अनेक चुनौतियों का सामना कर सशक्त, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में नई पहचान बनाई है। उन्होंने इस अवसर को प्रदेशवासियों के लिए गौरव और संकल्प का दिन बताया। श्री तोमर ने प्रदेश की गौरवपूर्ण विरासत, संस्कृति और उपलब्धियों को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य से जोड़ा।

पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि आज मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस है और हर वर्ष इसी प्रकार हम स्थापना दिवस पर एकत्रित होते हैं और स्थापना दिवस मनाते हैं। मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है, इसका उदाहरण है केंद्र सरकार द्वारा कृषि के क्षेत्र में सर्वोत्तम पुरस्कार प्रदान करना।

भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि मध्यप्रदेश ऊर्जा, शिक्षा, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। मध्य प्रदेश को विकसित बनाने का जो संकल्प हमारे महान नेताओं ने लिया है, उसे युवा, किसान और नौजवान की सहायता से मेहनत करके पूरा करना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि प्रदेश शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार हो गया है। उन्होंने युवाओं से प्रदेश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं के हित में नई-नई योजनाएं संचालित की जा रही है। जनपद शिवपुरी अध्यक्ष हेमलता रावत द्वारा भी सभी को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि 1956 में मध्यप्रदेश की स्थापना हुई। प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। मैं सभी युवाओं से आग्रह करती हूं की खूब पढ़ो-खूब बढ़ो। नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योग ला रहे हैं, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। भविष्य में इसी तरह मध्य प्रदेश आगे बढ़ता जाए और ढेर सारी उपलब्धियां हासिल करें।

### अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित, हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित

इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा आईगोट कर्मयोगी प्लेटफार्म पर सर्वाधिक कोर्स पूर्ण करने वाले जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए।

### जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

स्थापना दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग शिवपुरी द्वारा मानस भवन परिसर में एक आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन के प्रयास, जनकल्याणकारी योजनाएं, जनजातीय गौरव, नारी सशक्तिकरण, पर्यटन, निवेश, शिक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्धियों का जीवंत चित्रण किया गया। मुख्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर जनसंपर्क विभाग के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**शिवपुरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के अंतर्गत लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत एकीकृत माध्यमिक विद्यालय अमरपुर देवरा के प्राथमिक शिक्षक एवं बीएलओ मतदान केंद्र क्रमांक 248 मुकेश पाराशर को टेबलटॉप एक्सरसाइज एवं बीएलओ एप में मतदाताओं की मैपिंग और फीडिंग का कार्य सौंपा गया था। निर्धारित समय-सीमा में यह कार्य पूर्ण न करने तथा संपर्क साधने पर उत्तर न देने की स्थिति में गंभीर उदासीनता एवं अनुशासनहीनता का संज्ञान लिया गया। कलेक्टर श्री चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित बीएलओ तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्दिष्ट अवधि में उत्तर प्राप्त न होने या असंतोषजनक पाए जाने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## उत्कृष्ट विद्यालय करेरा में 310 बूथ लेवल अफसरों को एसआईआर प्रशिक्षण दिया

**शिवपुरी।** जिले के विधानसभा क्षेत्र 23 करेरा अंतर्गत समस्त बूथ लेवल ऑफिसर का मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (SIR) हेतु प्रशिक्षण अनुविभागीय अधिकारी करेरा अनुराग निंगवाल के निर्देशन में उत्कृष्ट विद्यालय करेरा में प्रशिक्षण तीन चरणों में 50-50 के बैच में स्मार्ट कक्ष में दिया गया।

प्रशिक्षण में तहसीलदार करेरा सुश्री कल्पना शर्मा ने सभी बीएलओ को अपना कार्य पूरी निष्पक्षता से करने हेतु निर्देशित किया। तहसीलदार नरवर संतोष धाकड़ द्वारा एसआईआर की तकनीकी पक्ष से जुड़ी जानकारी एवं बारीकियां बताई। इस दौरान बीएलओ द्वारा पूंछे प्रश्नों के उत्तर भी दिए। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार अशोक श्रीवास्तव, प्राचार्य अरविंद यादव, प्रदीप अवस्थी, मास्टर ट्रेनर जगभान सिंह लोधी, मुकेश शर्मा, नरेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी बीएलओ उपस्थित रहे।



### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** अपर कलेक्टर डीएन.सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा विभिन्न संघो के प्रतिनिधियों से प्राप्त समस्याओं एवं मांगो के संबंध में प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा विभागों द्वारा निराकरण किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। विभागों द्वारा परामर्शदात्री समिति की विभागीय बैठकें नियमित आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अपडेट, वेतन विसंगति, डीए एरियर, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई एवं निराकरण करने के निर्देश दिए।

## तीर्थ वन्दना पदयात्रा में शामिल होंगे जैन श्रदालु, प्रतिदिन रवाना होंगी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



अशोकनगर में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में रविवार से तीर्थ वन्दना पदयात्रा निकाली जा रही है जो अशोकनगर से शुरू होगी जो तीर्थ क्षेत्र थूवोन तक निकाली जाएगी। जिसका शुभारभ रविवार में दोपहर से होगा ओर भव्य जुलूस के रूप में यह पदयात्रा निकाली जाएगी।

इसके लिए जैन समाज ने एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें इस यात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। देवेंद्र सिंघई, चंद्रेश मोदी, और नितेश मोदी ने बताया कि निर्यापक मुनि श्री सुधासागर महाराज के परम सानिध्य में निकलने वाली यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। जिसमे सकल दिगम्बर जैन समाज शामिल होगी। इस यात्रा में पपौरा जी क्षेत्र का रथ,नगर में बनने वाला मंदिर का मॉडल,लोकगीत पार्टी जो खुले ट्रेक्टर ट्राली में होंगे। नगर के विमान जी, डीजे, महिला समिति,जैन वीर सेवा दल,शामिल होगा। वही नगर से प्रतिदिन इस यात्रा में शामिल होने बसे जाएगी जिससे समाजजन इस यात्रा में शामिल हो सकेगें। थूवोन कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि यह पदयात्रा रविवार को दोपहर में शुरू होगी और रात्रि विश्राम 9 किलो मीटर दूर ग्राम सहोदरी में होगा। जहां जिज्ञासा समाधान ओर आरती की जाएगी। वही सोमवार को ग्राम अमरोद में सुबह के श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा ओर मंगल प्रवचन होंगे। वही सोमवार को रात्रि विश्राम तारई में होगा और मंगलवार कि सुबह इस पदयात्रा का भव्य मंगल प्रवेश थूवोनजी क्षेत्र पर होगा जहाँ मुनि संघ के सानिध्य में महा मस्तकाभिषेक का आयोजन किया जाएगा।

### एसपी ने एसडीओपी व थाना प्रभारियों की ऑनलाइन मीटिंग ली

## गूगल मीट से क्राइम मीटिंग में अपराध समीक्षा कर रोकथाम के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से क्राइम मीटिंग ली गयी। दिनांक 31.10.2025 को गूगल मीट के माध्यम से क्राइम मीटिंग में सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

इस दौरान उक्त मीट में पुलिस अधीक्षक द्वारा क्राइम मीटिंग में अपराधों की समीक्षा की गयी एवं कार्यवाही करने हेतु निम्न दिशा निर्देश दिये। साथ ही समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुस्तैदी से ड्यूटी कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

1. चिन्हित एवं गंभीर अपराधों में कार्यवाही करते हुये ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी कर अपराधों का निराकरण करेंगे।

2. एक वर्ष से अधिक लंबित अपराधों एवं 6 माह से अधिक लंबित चालानों मे कार्यवाही करेंगे एवं निकाल करेंगे।

3. महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुये पीड़िता को तत्काल पुलिस सहायता पहुंचाऐंगें एवं आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

4. थाने में आने वाले फरियादी से अच्छा व्यवहार करें एवं गंभीरता से उनकी समस्या को सुनकर उचित कार्यवाही करें।

5. सी.एम हेल्पलाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उचित कार्यवाही करेंगे व फरियादी को पुलिस सहायता देकर शिकायतों का निराकरण करेंगे।

6. थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों स्मैक,गांजा, जुआ, सट्टा आदि पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगायेंगे।

7. हिस्ट्रीशीटर, गुंडा-बदमाश एवं जिलाबदर के आरोपियों की समय-समय पर चेकिंग करेंगे।

8. थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनये रखने के लिए असमाजिक तत्वों पर कर्यवाही करेंगे, वारण्टियों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक वारंट तामिल करायेंगे।

9. नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयावी सुनिश्चित करें ।

10. आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

11. एससी/एसटी के लंबित प्रकरणों में तत्काल उचित वैधानिक कार्यवाही कर निराकरण करना सुनिश्चित करें।

12. सभी थाने एक साथ कॉम्बिंग गस्त करेंगे एवं कॉम्बिंग गस्त के दौरान स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, गुंडा- बदमाश, जिला बदर के आरोपी आदि को चेक करेंगे एवं अधिक से अधिक वारंट तामील कराएंगे साथ ही होटल ढावों को भी चेक करेंगे